कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा
6वीं मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)
ई–मेल : dme12001@yahoo.com
वेबसाईटः www.medicaleducation.mp.gov.in
दूरभाष क्र. 0755–2557855

कमांक 1223/पीजी/4/आचिशि/2023

भोपाल,दिनांक 22/07/2023

// महत्वपूर्ण सूचना //

शासकीय स्वशासी एंव निजी चिकित्सा/दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में (एम.डी./एम.एस./एम.डी.एस.) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पी0जी0 2023–24 की ऑनलाईन काउंसिलिंग एवं प्रवेश प्रकिया के संबंध में सूचना

नीट पी0जी0 2023 एवं नीट एम.डी.एस. 2023 में चयनित समस्त पात्र अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय संयुक्त काउंसिलिंग नीट पी. जी. 2023 के लिये निर्धारित समय सारणी अनुसार पंजीकरण (**Registration**) की प्रक्रिया दिनांक 25/07/2023 से 02/08/2023 रात्रि 12.00 बजे तक की जायेगी । अतः अपना रजिस्ट्रेशन निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से कर लेवें । इसके अतिरिक्त सेवारत् अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन ओपन श्रेणी में अनिवार्य रूप से कर लेवें ।

सेवारत् अभ्यर्थियों की सूची संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल से प्राप्त होने पर पात्र पंजीकृत अभ्यर्थियों की ओपन श्रेणी को सेवारत् में अपडेट (**Update**) कर दिया जायेगा । अपडेट करने के उपरांत सूची में शामिलत सभी पंजीकृत सेवारत् अभ्यर्थियों को उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर पुनः अपडेटेड रजिस्ट्रेशन स्लिप प्राप्त करने संबंधी सूचना दी जायेगी । ऐसे समस्त सेवारत् अभ्यर्थी अपने **Candidate login** के माध्यम से अपना अपडेटेड रजिस्ट्रेशन स्लिप जनरेट कर लेंवें ।

संचालक चिकित्सा शिक्षा
मध्यप्रदेश